PHONE & FAX NO : 07856-252003

कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

दन्तेवाड़ा, जिला दन्तेवाड़ा (छ०ग०) 494449

Email – govt.dpgc.dantewada@gmail.com

क्रमांक / 1104 / छात्रवृत्ति / 2024–25 दन्तेवाड़ा, दिनाँक 13 / 12 / 2024

पोस्ट मैट्रिक ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन : 2024–25 हेतु सूचनाः–

शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आदिम जाति विभाग द्वारा पोस्ट मैट्रिक ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन : 2024–25 के आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है। समस्त पात्र छात्र–छात्राऐं दिनांक 31 / 12 / 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर, समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन की हार्ड कॉपि महाविद्यालय में छात्रवृत्ति प्रभारी **श्री संजय हलधर के पास कक्ष कमांक–16** में जमा करें। दिनांक 31 / 12 / 2024 के बाद आवेदन जमा नहीं लिया जावेगा। आवेदन जमा करते समय समस्त दस्तावेजों की ओरिजनल कॉपी साथ लेकर आवे, ताकि दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किया जा सकें। बिना वेरिफिकेशन के आवेदन जमा नहीं लिया जावेगा।

for 13/12/24

छात्रवृत्ति प्रभारी
श्री संजय हलधर,
(प्रयोगशाला तकनीशियन)

प्राचार्य,
शास0दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर
PRINCIPAL
Govt. Danteshwari P.G. College
Dantewada (C.G.)

आवेदन करने हेतु दिशा निर्देशः–

आवेदक यह निश्चित कर ले किः–

(1) समस्त दस्तावेजों (अंकसूची, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति–निवास–आय प्रमाण पत्र आदि) में आवेदक का नाम, माता–पिता का नाम, जन्मतिथि समान हो।

(2) आवेदक के बैंक खाते में आधार सीडींग द्वारा भुगतान की सुविधा प्रारंभ किया जा चुका हो।

(3) आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नं0 एवं एक्टिव इमेल आई डी स्वयं के पास उपलब्ध हो।

(4) मोबाइल नं0 एवं ईमेल आई डी किसी अन्य विद्यार्थी द्वारा छात्रवृत्ति के पंजीयन हेतु उपयोग न किया गया हो।

(5) आवेदक द्वारा आवेदन के साथ प्रस्तुत किये गए समस्त दस्तावेज सही हो, दस्तावेजों से किसी प्रकार की छेड़–छाड़ न किया गया हो एवं फर्जी न हो। दस्तावेज फ़र्जी पाए जाने पर संबंधित छात्र–छात्राओं पर पुलिस में एफ0 आई0 आर0 किया जावेगा, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(6) बैंक खाते से नियमित लेन–देन हो रहा हो, खाता बंद न हो गया हो।

(7) आवेदक अपना मोबाइल नं0 एवं इमेल आई डी न बदले, बदलने पर छात्रवृत्ति आवेदन करने में समस्या होगी, कई बार आवेदन कर पाना भी सम्भव नहीं हो पाता है।

आवेदन की प्रकिया:—

(1) सर्व प्रथम आवेदक नेशनल स्कालरशिप पोर्टल की बेवसाइट (https://scholarships.gov.in) में ओ टी आर का निर्माण करें, जिसमें एक यूनिक ओटीआर नं0 प्राप्त होगा। इस ओटीआर नं0 को छात्रवृत्ति का ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया करते समय उपयोग करना है। ओ टी आर बनाने की प्रक्रिया पूर्व में ही सभी कक्षा के ग्रुप में डाला जा चुका है।

(2) इसके बाद छत्तीसगढ़ पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप पोर्टल :–

(https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/LoginPage.aspx) में आवेदक अपना पंजीयन करेंगे, जिसमें छात्रवृत्ति आवेदन करने हेतु एक आई .डी एवं पासवर्ड का निर्माण करना है। इस आई डी एवं पासवर्ड को आवेदक सम्भालकर रखेंगे, प्रतिवर्ष इसी आई डी / पासवर्ड से ही पुनः आवेदन करना है, दुबारा आई डी / पासवर्ड का निर्माण नहीं होगा।

(3) जिन आवेदकों का पहले 10वीं कक्षा के बाद किसी भी कक्षा या पाठ्यक्रम में आई डी/ पासवर्ड बन चुका है, उन्हें दुबारा नहीं बनाना है, उसी आई डी/ पासवर्ड से छात्रवृत्ति का ऑनलाइन आवेदन करना है।

(4) चूकि महाविद्यालय में न्यू एजूकेशन पॉलिसी के अनुसार नवीन पैर्टन के पाठ्यक्रम लागू हो चुका है। अतः स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं के छात्र–छात्राएं 4 वर्षीय पाठ्यक्रम का चयन करेंगे। प्रथम सेमेस्टर के आवेदक द्वारा यदि 03 वर्षीय पाठ्यक्रम का चयन किया जाता है तो छात्रवृत्ति आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। शेष सभी कक्षाओं के आवेदक पहले की भॉति 03 वर्षीय पाठ्यक्रम का चयन करेंगे।

(5) आवेदन को लॉक करने के पश्चात् समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन का प्रिंटआउट छात्रवृत्ति प्रभारी के पास जमा करेंगे। आवेदन का एक़ प्रिंटआउट आवेदक अपने पास सम्भालकर रखेंगें ।

(6) आवेदन जमा करते समय आवेदन के साथ प्रस्तुत किए गए समस्त दस्तावेजों की मूलप्रति (ओरिजनल प्रति) से आवेदन को छात्रवृत्ति प्रभारी से वेरिफाई करावें। आवेदन वेरिफाई न कराने पर छात्रवृत्ति स्वीकृत नहीं किया जावेगा।

13/12/24

छात्रवृत्ति प्रभारी
श्री संजय हलधर,
(प्रयोगशाला तकनीशियन)

प्राचार्य,
शास0दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari P.G. College
Dantewada (C.G.)